बैठक | नर्मदा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक में की गई चर्चा

# रोशनी ऐसी हो कि संगमरमर की प्राकृतिक सुंदरता दिखे

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में शरद पूर्णिमा पर भेड़ाघाट में इस वर्ष आयोजित किये जाने वाले नर्मदा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में महोत्सव के लिए कलाकारों के चयन, प्रचार-प्रसार, सुरक्षा, यातायात एवं अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई।

बैठक में शरद पूर्णिमा पर 24 एवं 25 अक्टूबर को भेड़ाघाट में आयोजित किये जाने वाले नर्मदा महोत्सव की रूपरेखा पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। मंत्री सिंह ने कहा कि महोत्सव में भजन, सूफी, शास्त्रीय एवं सेमी-क्लासिकल संगीत को प्राथमिकता दी जाए और कलाकारों को कार्यक्रम की प्रकृति के बारे में पहले से जानकारी दी जाए।लोक निर्माण मंत्री सिंह ने बैठक में भेड़ाघाट की मूल पहचान और प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखते हुए आयोजन स्थल की विद्युत से साज-सज्जा में केवल सफेद अथवा ऑफ-व्हाइट रंग का उपयोग करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि प्रकाश व्यवस्था इस प्रकार की जाए कि संगमरमर की चट्टानों की प्राकृतिक सुंदरता दिखाई दे।

### विभिन्न गतिविधियों के दिए सुझाव

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सिटी बसों, पार्कों, प्रमुख पर्यटन स्थलों एवं होटलों में प्रचार सामग्री लगाने, महोत्सव के दौरान फूड फेस्टिवल, स्थानीय व्यंजनों तथा विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को शामिल करने के सुझाव दिए गए। स्कूली विद्यार्थियों को पेंटिंग, रंगोली एवं अन्य गतिविधियों से जोड़ने पर भी चर्चा हुई।

### सुविधाओं पर हो विशेष ध्यान

मंत्री श्री सिंह ने 15 दिन पहले से महोत्सव का प्रचार- प्रसार करने के निर्देश देते हुए महोत्सव में आने वाले आमजनों के लिए शहर से जाने वाली बसों के स्थान तय करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल से कार्यक्रम स्थल तक पर्यटकों और दर्शकों की सुविधा के लिए शटल वाहनों की व्यवस्था भी की जाए। बैठक में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर कार्यक्रम स्थल, धुआंधार, मुख्य द्वार, पार्किंग एवं अन्य प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई, समतलीकरण, पहुंच मार्ग की मरम्मत, गोताखोरों की व्यवस्था तथा विभिन्न विभागों की जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की गई।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक सुशील तिवारी इंदु,जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, नगर परिषद अध्यक्ष भेड़ाघाट चतुर सिंह लोधी, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय, नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार एवं जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष राजकुमार पटेल, भाजपा युवा मोर्चा ग्रामीण जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## कार की टक्कर से तीन घायल

**जबलपुर।** पाटन थाना अंतर्गत तिलगवां तिराहा के पास मंगलवार दोपहर कार की टक्कर से तीन लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया । पुलिस के मुताबिक दीपक कुशवाहा 31 वर्ष निवासी सारासिटी के पास गोहलपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह प्राईवेट काम करता है मंगलवार को वह एवं उसका दोस्त गुलाम बारिश जबलपुर से पाटन काम से गये थे एवं दोपहर लगभग 1-30 बजे पाटन से वापस जबलपुर जा रहे थे तिलगवां तिराहा के पास पाटन तरफसे आ रही कार क्रमांक एमपी 20 जेड टी 7905 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते तिलगवां तिराहा में खड़े 2 व्यक्ति एवं 1 महिला को पीछे से टक्कर मार दिये जिससे तीनों रोड पर गिर गये पास जाकर देखा उसकी पहचान के अरूण कोल, महरून निशा, खुर्शीद अमहद अंसारी तीनों निवासी धनी की कुटिया अधारताल के हैं एक्सीडेंट से तीनों को हाथ पैर व शरीर में चोटें आईं कार चालक भीड़ एकत्रित होते देख जबलपुर तरफ भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

# महिला अधिकारी को केबिन में घुसकर पीटा

### जिपं में उपद्रव : पत्नी के खिलाफ चल रही जांच से बौलखाया आरोपी, दर्ज हुई तीन एफआईआर

**जबलपुर।** जिला पंचायत कार्यालय में बुधवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक सिरफिरे पति ने पत्नी के खिलाफ चल रही जांच से बौलखाकर दफ्तर के अंदर घुसकर ड्यूटी पर तैनात एक महिला अधिकारी पर हमला कर दिया। आरोपी ने केबिन का दरवाजा खोलकर महिला अधिकारी को सरेआम लात-घूंसों से बेरहमी से पीटा। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। घायल महिला अधिकारी को लहूलुहान हालत में विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बेलबाग पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने और हमले सहित अन्य धाराओं मे मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इसके अलावा आरोपी ने दो अन्य अधिकारियों को भी धमकाया है। जिस पर सिहोरा, कुंडम थाने में भी एफआईआर दर्ज हुई है।

बेलबाग पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जिला पंचायत कार्यालय जबलपुर में जिला परियोजना प्रबंधक बुधवार दोपहर करीब 12:20 बजे वह अपने कक्ष क्रमांक 34 में रोजाना की तरह शासकीय कार्य निपटा रही थीं। इसी दौरान बेलबाग निवासी योगेश सोनी गुस्से में उनके केबिन के अंदर दाखिल हुआ। आरोपी योगेश सोनी की पत्नी आरती सोनी जनपद पंचायत में सहायक विकासखंड प्रबंधक हैं और उनके खिलाफ वित्तीय अनियमितताओं को लेकर विभाग में जांच चल रही है। आरोपी को शक था कि इस जांच के पीछे जिला परियोजना प्रबंधक का हाथ है।

इसी बात का बदला लेने के लिए आरोपी सीधे उनके दफ्तर पहुंच गया। दफ्तर में घुसते ही आरोपी योगेश ने चिल्लाते हुए हंगामा मचाया। जब महिला अधिकारी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उन पर हमला बोल दिया। उसने महिला अधिकारी को बाल पकड़कर घसीटा और चेहरे, कान, पेट पर ताबड़तोड़ लात-घूंसों से हमला कर दिया । चीख-पुकार सुनकर बगल के कमरों में बैठे कर्मचारी दुर्गा प्रसाद तिवारी, रूपेश अग्रवाल, रवि कुमार तिवारी और सुधा शुक्ला तुरंत केबिन की तरफ भागे। कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी की चंगुल से महिला अधिकारी को छुड़ाया। दफ्तर के स्टाफ को भारी पड़ता देख आरोपी आज तो बच गई, दोबारा दिखी तो जान से मार डालूंगा कहते हुए भाग निकला। घटना के बाद सहकर्मी तुरंत घायल अधिकारी को लेकर विक्टोरिया अस्पताल पहुंचे, जहां उनका उपचार जारी है । पुलिस ने आरोपी योगेश सोनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

### कार्यपालन अधिकारी के कक्ष में भी हंगामा, धमकाया

वित्तीय अनियमितताओं की जांच करने टीम सिहोरा भी पहुंची थी। इसके बाद जनपद पंचायत सिहोरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी के कक्ष में भी पहुंचकर योगेश सोनी ने हंगामा मचाया था बल्कि एनआरएलएम ब्लाक प्रबंधक सिहोरा राकेश जाट से अभद्रता करते हुए धमकाया था । जांच में सहयोग न करने की धमकी दी थी। इस मामले की शिकायत सिहोरा थाने में दर्ज हुई। शिकायत करने के शक में सहायक विकास खंड प्रबंधक कुंडम संजय मिश्रा को भी योगेश सोनी ने धमकी दी है । कुडंम थाने में भी शिकायत दर्ज कराई गई ।

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म, पीड़िता 6 माह की गर्भवती

**जबलपुर।** खमरिया थाना अंतर्गत घाना निवासी किशोरी को शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण किया गया। पीड़िता छह माह की गर्भवती हो गई है। जब पीड़िता ने शादी करने की बात कही, तो आरोपी साफ मुकर गया। किशोरी की तबीयत बिगड़ने के बाद इस पूरे मामले का खुलासा हुआ, जिसके बाद परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार,17 वर्षीय पीड़िता के पिता का निधन हो चुका है। उसकी मां पेशे से नर्स हैं और भोपाल में पदस्थ होने के कारण वहीं रहती हैं। इस वजह से किशोरी खमरिया के



घाना क्षेत्र में अपनी नानी के घर पर रहकर पढ़ाई और देखभाल कर रही थी। मां की अनुपस्थिति और सूनेपन का फायदा उठाकर आरोपी ने किशोरी को अपने जाल में फंसाया। पीड़िता और नाबालिग आरोपी की पहचान स्कूल के दिनों से थी। दोनों स्कूल के समय से ही एक-दूसरे को जानते थे। धीरे-धीरे दोनों की दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। आरोपी कैटरिंग का काम करता है, जिसने किशोरी को शादी का भरोसा दिलाया और लंबे समय तक उसका शारीरिक शोषण करता रहा। लगातार शारीरिक शोषण के कारण किशोरी छह माह की गर्भवती हो गई। जब उसने आरोपी पर शादी करने का दबाव बनाया, तो आरोपी ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया और पीड़िता को छोड़ दिया। इस बीच, उसकी तबीयत अचानक खराब हो गई। परिजनों ने जब डॉक्टर से जांच कराई और कड़ाई से पूछताछ की, तब जाकर उसने रोते हुए अपनी नानी को पूरी आपबीती सुनाई। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## फांसी के फंदे पर झूला युवक

**जबलपुर ।** मझौली थाना अंतर्गत काकरदेही में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है । पुलिस के मुताबिक मंगलवार को मुकेश काछी 36 वर्ष निवासी काकरदेही ने सूचना दी कि भतीजे रोशन काछी 21 वर्ष ने तांत की रस्सी से कमरे में लगे सीलिंग में फंदे से फांसी लगी। जिसे उतारकर परिजन शासकीय अस्पताल लेकर गये जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है ।

# हरितालिका तीज और गणेश चतुर्थी एक ही दिन

जबलपुर। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाने वाला हरितालिका व्रत इस वर्ष 14 सितंबर को गणेश चतुर्थी के साथ मनाया जाएगा। ज्योतिषाचार्य पंडित सौरभ दुबे के अनुसार कई वर्षों बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जब भगवान गणेश का जन्मोत्सव और हरितालिका तीज एक ही दिन पड़ रहे हैं।

निर्णय सिंधु के अनुसार चतुर्थी से युक्त तृतीया तिथि हरितालिका व्रत के लिए विशेष फलदायी मानी गई है। इस दिन महिलाएं अखंड सौभाग्य, संतान सुख, पारिवारिक सुख-समृद्धि और पति की दीर्घायु की कामना से भगवान शिव और माता पार्वती का पूजन करती हैं। हिंदू धर्म में हरितालिका व्रत को 'व्रतराज' कहा गया है और इसे कठिन व्रतों में प्रमुख माना जाता है। अनेक महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखकर चार प्रहर तक जागरण एवं पूजन करती हैं।

### दोनों पर्वों का है विशेष महत्व

पंडित दुबे ने बताया कि इस वर्ष तिथि संयोग के कारण 14 सितंबर को भगवान गणेश का पूजन भी प्रारंभ होगा। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को भगवान गणेश का जन्म हुआ था और गणेश चतुर्थी के लिए मध्यान्हव्यापिनी चतुर्थी तिथि को विशेष महत्व दिया जाता है। ऐसे में श्रद्धालु दिन में भगवान गणेश का विधि-विधान से पूजन करेंगे, जबकि शाम को परिवार सहित हरितालिका तीज का पूजन किया जाएगा। महिलाएं प्रात: स्नानादि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प लेंगी, पूजन सामग्री तैयार करेंगी और संध्या के समय भगवान शिव-माता पार्वती की पूजा के साथ हरितालिका व्रत करेंगी। एक ही दिन दो प्रमुख पर्वों के पड़ने से धार्मिक दृष्टि से इस दिन का महत्व और भी बढ़ गया है।

## जबलपुर में टेलीकॉम क्लस्टर, मैन्युफैचरिंग यूनिट बनाने कलेक्टर को भेजा पत्र

**जबलपुर ।** टेलीकॉम सेक्टर का सेटअप होने के बावजूद भी टेलीकॉम मैन्युफैक्चरिंग जोन जबलपुर को न देकर ग्वालियर में निर्माण किया गया, केन्द्र सरकार के साथ प्रदेश सरकार ने इसके लिए एमओयू भी कर लिया है। इससे जबलपुर की जनता में भारी असंतोष फैला हुआ है। इसकी भरपाई करने के लिए रिछाई टेलीकॉम में खाली पड़ी 35 एकड़ भूमि में टेलीकॉम क्लस्टर तथा मैन्युफैक्चरिंग यूनिट बनाया जाये। यह प्रस्ताव विधायक लखन घनघोरिया ने मंगलवार को जिला योजना समिति में एजेंडा के रूप में रखने के लिए कलेक्टर को पत्र भेजा।

### एक नजर में

## 467 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**जबलपुर।** गौरीघाट स्थित शासकीय आयुर्वेद कॉलेज एवं चिकित्सालय में बुधवार को प्राचार्य डॉ. एलएल अहिरवार के नेतृत्व में शिशु एवं बाल रोग विभाग द्वारा स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विभाग की विशेषज्ञ डॉ. गीता पांडे एवं डॉ. सुनील जैन ने 467 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें स्वर्ण प्राशन कराया। अपने बच्चों को स्वर्ण प्राशन कराने के लिए बड़ी संख्या में अभिभावक उत्साहपूर्वक संस्था पहुंचे। इस दौरान डॉ. सुनील जैन ने अभिभावकों को मौसम में बच्चों में होने वाली सामान्य बीमारियों, उनके लक्षणों और बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर रहने से वे बार-बार बीमारियों की चपेट में आने से बच सकते हैं, जिससे उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

## मैकेनिकों और उनके परिवारों की हुई नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच

**जबलपुर।** स्माइल फाउंडेशन एवं मोटुल के सहयोग से होटल सूर्य, तीन पत्ती चौक स्थित पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में सामुदायिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया, जिसमें वाहन मैकेनिकों एवं उनके परिवारों को नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच और दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर का शुभारंभ डॉ. जय रोहाणी ने किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच और जागरूकता जरूरी है तथा कामकाजी वर्ग के लिए ऐसे शिविर विशेष रूप से उपयोगी हैं। शिविर में बड़ी संख्या में मैकेनिकों और उनके परिजनों ने पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। इस दौरान स्वास्थ्य परीक्षण के साथ स्वच्छता, शुद्ध पेयजल, हाथों की सफाई, मच्छरों से बचाव और बीमारियों की रोकथाम के उपायों के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया।

# स्वामी रामचंद्र दास महाराज का 87वां जन्मोत्सव उत्साह से मनाया

**नवभारत,जबलपुर ।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज का 87 वां जन्मोत्सव दद्दा परिसर में उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में जगतगुरु स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज ,महामंडलेश्वर अखिलेश्वरानंद गिरी महाराज, पूज्य ज्ञानेश्वरी दीदी ,जगद्गुरु राजारामचार्य महाराज ,स्वामी पागलानंद महाराज ,स्वामी चंद्रशेखरानंद परमात्मानंद , वासुदेव शास्त्री ,पं रोहित महाराज ,पं देवेंद्र त्रिपाठी ,सचिन देव ,मुन्ना महाराज ,प्रकाशानंद महाराज, मैत्री दीदी, रामजी शरण महाराज ,स्वामी रामेश्वरानंद महाराज सहित 100 से अधिक संतों का आगमन हुआ । सम्मान समारोह में सर्वप्रथम सनातन धर्म महासभा, अग्रवाल सभा ,अग्रवाल सेवा समिति, चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल , विद्या भारती, रामलीला समिति ,मानस मंडल ने महाराज जी का सम्मान किया और फिर पाटन , व अन्य गांव से आए सैंकड़ों संकीर्तन मंडल ने 108 प्रकार की धुनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन रवि बाजपेई, आभार प्रदर्शन शरद अग्रवाल ने किया । इस मौके पर मुख्य रूप से सांसद आशीष दुबे , डॉ प्रदीप दुबे , डॉ कैलाश गुप्ता , बृजकांत , हितानंद , विधायक अजय बिश्नोई , अभिलाष पांडे , प्रेम दुबे डॉ जितेंद्र जामदार , संदीप जैन , रिंकू विज , श्याम साहनी , अशोक मनोदया आदि उपस्थित थे।



# मूलभूत समस्याओं से वंचित होने पर फूटा आक्रोश

**नवभारत,जबलपुर।** पिछले लंबे समय से उपेक्षाओं का दंश झेल रहे और मूलभूत सुविधाओं से वंचित हो रहे वार्ड क्रमांक 74 के रहवासियों का आक्रोश बुधवार को फूट पड़ा और उन्होंनें नगर निगम में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया । इस दौरान स्थानीयजनों ने निगमायुक्त के नाम पांच सूत्रीय ज्ञापन निगम अधिकारी को सौंपा और मांग की कि उनकी मांगों पर जल्द एक्शन लिया जाए। स्थानीयजनों की मांगों



में सड़क की व्यवस्था करना, नर्मदा जल की व्यवस्था करना, विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करना, नालियां बनाना और मुक्तिधाम कब्रिस्तान की जमीन की व्यवस्था करना शामिल रहा। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष विवेक पटैल, आदिवासी उड़न महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश कोल ,अल्पसंख्यक कांग्रेस के अध्यक्ष ताहिर खोखर ,महाराजपुर ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष सुभाष पटेल ,,,दुर्गेश कोल, शेख करीम सहित अन्य स्थानीयजन मौजूद रहे।

## कुशवाहा समाज ने मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**जबलपुर।** कुशवाहा समाज रामायण मंडल, लालमाटी के तत्वावधान में सिद्धी धर्मशाला, गोपाल होटल के समीप श्रीकृष्ण जन्मोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक लखन घनघोरिया रहे, जबकि अध्यक्षता अधिवक्ता मनोज कुशवाहा ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद प्रमोद पटेल, रविन्द्र कुशवाहा एवं रामभजन नीतू कुशवाहा मौजूद रहे। आयोजन के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई और प्रभुदयाल, श्यामलाल एवं हिनूलाल कुशवाहा ने भजनों की प्रस्तुति दी। समाज के वरिष्ठजनों के साथ प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में सामाजिक पत्रिका 'स्मारिका' का विमोचन भी किया गया। आयोजन को सफल बनाने में विनोद, संतोष, राकेश वर्मा, राजू कुशवाहा, सीताराम, सुनील, विजय एवं मुरली सहित समाजजनों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन शीला कुशवाहा ने किया, जबकि डॉ. सुरेश कुमार कुशवाहा ने आभार व्यक्त किया।

# मां से विवाद का बदला लेने बुजुर्ग को गोदा, भतीजे पर भी चाकू से हमला

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत किशन होटल काली मंदिर के पास बीती रात घरेलू विवाद का बदला लेने के लिए एक बेटे ने अपने तीन दोस्तों के साथ मिलकर एक बुजुर्ग पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। जब बुजुर्ग का भतीजा उन्हें बचाने आया, तो आरोपियों ने उसे भी चाकू मारकर लहूलुहान कर दिया।

पुलिस के अनुसार, सुरेश कोल (62) पेशे से ड्राइवर हैं, उनके साथ घर में पुष्पलता कोल रहता हैं। रात लगभग 1 बजे सुरेश का पुष्पलता से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। उस वक्त घर में पुष्पलता का भतीजा अंशुल कोल भी मौजूद था। विवाद की खबर मिलते ही पुष्पलता का बेटा अनिकेत कोल आगबबूला हो गया। वह तुरंत अपने साथी साहिल कोल, शिवम कोल और रचित कोल को लेकर सुरेश के घर पहुंच गया। आरोपियों ने घर के दरवाजे पर जोर से लात मारी और दरवाजा तोड़कर अंदर दाखिल हो गए। अनिकेत कोल ने हत्या की नियत



से सुरेश के पेट में चाकू घोंप दिया। इसके बाद अनिकेत के तीनों साथियों ने भी सुरेश को जान से मारने के इरादे से घेर लिया और चाकू व लात-मुक्कों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में सुरेश के सीने, हाथ, पैर और जांघ पर गंभीर चोटें आई हैं। कमरे में चीख-पुकार सुनकर जब सुरेश का भतीजा अंशुल कोल उन्हें बचाने के लिए दौड़ा, तो आरोपियों ने उसे भी नहीं बख्शा। आरोपियों ने अंशुल के साथ बेरहमी से मारपीट की और चाकू मारकर उसके बाएं पैर को जख्मी कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद चारों आरोपियों ने घर में रखे सामान की जमकर तोड़फोड़ की और मौके से फरार हो गए।

राहत | राहगीरों ने ली राहत की सांस

# आखिरकार भरा गया रसल चौक का विशाल गड्ढा

**जबलपुर।** आखिरकार रसल चौक पर लंबे समय से राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बने विशाल गड्ढे को भर दिया गया। बारिश के दिनों में यह गड्ढा पानी से लबालब हो जाता था, जिससे सड़क की स्थिति का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता था। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यहां से गुजरना किसी जोखिम से कम नहीं था। गड्ढे में पहिया पड़ने से कई बार वाहन चालक असंतुलित होकर गिरकर चोटिल भी हुए।

स्थानीय लोगों की इस समस्या को नवभारत द्वारा समय-समय पर प्रमुखता से खबरों के माध्यम से उठाया जाता रहा। लगातार खबरों और लोगों की परेशानी सामने आने के बाद आखिरकार प्रशासन की नजर इस गंभीर समस्या पर पड़ी और गड्ढे को भरने का काम किया




गया। गड्ढा भरने के बाद सड़क की स्थिति में सुधार दिखाई देने लगा है और यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है। लंबे समय से परेशानी झेल रहे स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बारिश के दौरान इस स्थान पर सबसे ज्यादा दिक्कत होती थी। पानी भरने के कारण गड्ढे की गहराई दिखाई नहीं देती थी और दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा लगातार बना रहता था।

### फिलहाल राहत की खबर

गड्ढा भरने की कार्रवाई के बाद स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन का आभार जताया और समस्या को लगातार उठाने के लिए नवभारत के प्रति भी धन्यवाद व्यक्त किया। लोगों का कहना है कि सड़क पर ऐसे गड्ढे केवल आवागमन में बाधा नहीं बनते, बल्कि सीधे तौर पर हादसों को न्योता देते हैं। रसल चौक का यह गड्ढा भरना फिलहाल राहत की खबर है, लेकिन नागरिकों ने मांग की है कि सड़क की मरम्मत और गुणवत्ता पर भी ध्यान दिया जाए, ताकि आने वाले दिनों में दोबारा ऐसी स्थिति निर्मित न हो और बारिश के दौरान लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# सृजनशील साहित्यकार प्रो . राजेन्द्र तिवारी 'ऋषि' स्मरण दिवस पर किया गया नमन




**नवभारत, जबलपुर।** ध्यप्रदेश आंचलिक साहित्यकार परिषद, जबलपुर के तत्वावधान में बुधवार को जानकी रमण महाविद्यालय, जबलपुर में स्वर्गीय प्रो. राजेन्द्र तिवारी 'ऋषि' स्मरण दिवस का गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ उदय भानु तिवारी के गीत के साथ मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ। इस मौके पर साहित्यकारों, विद्वानों, कलाकारों एवं साहित्यप्रेमियों ने स्व. तिवारी के साहित्यिक योगदान और व्यक्तित्व को स्मरण करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम में आचार्य हरिशंकर दुबे , आचार्य भगवत दुबे , डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी , गुप्तेश्वर द्वारका गुप्त, डॉ.नरेश दुबे, राजेश पाठक, विनोद नयन,संतोष नेमा, डॉ अरुणा पाठक , डॉ संध्या जैन श्रुति, विनोद नयन, सहित अनेक साहित्यकारों ने राजेंद्र तिवारी ऋषि के अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिय श्री राजेन्द्र ऋषि साहित्य रत्न अलंकरण-पं. राजेश दुबे, राजेन्द्र ऋषि समाजसेवा अलंकरण- बिन्दु पाण्डे ,राजेन्द्र ऋषि लोक संगीत अलंकरण- रश्मि तिवारी, राजेन्द्र ऋषि संगीत मणि अलंकरण से अमित दुबे को अलंकृत किया गया। वहीं रिषभ तिवारी की लोक संगीत प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। संपूर्ण कार्यक्रम का कुशल संचालन आशुतोष तिवारी ने किया तथा आभार अनुपम तिवारी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर शहर के साहित्यकार राजसागरी, अभिमन्यु जैन, एके पाठक, निरंजन द्विवेदी, हमेश मानव, राजेंद्र मिश्रा संतोष नेमा,अनुज नेमा,अनूप तिवारी प्रतिक तिवारी, अनूप तिवारी सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार उपस्थित रहे।